# T T LIMITED

(CIN NO.-L18101DL1978PLC009241)
879, MASTER PRITHVI NATH MARG
OPP: AJMALKHANPARK, KAROL BAGH,
NEW DELHI – 110 005, INDIA
TEL: 0091 11 45060708
EMAIL: newdelhi@ttlimited.co.in
WEBSITE: http://www.ttlimited.co.in

January 16, 2021

| | |
|---|---|
| M/s National Stock Exchange of India Ltd.<br>" Exchange Plaza"<br>Plot No. C/1, G Block<br>Bandra Kurla Complex<br>Bandra (E), Mumbai-400051<br>Ph.: 022-26598100-8114 | Bombay Stock Exchange Limited<br>Floor 35, P.J.Towers<br>Dalal Street<br>Mumbai-400001<br>Fax-022-22722061/41/39/37 |

**Reg.: Scrip Code : TTL/ 514142**

**Sub: Notice of Board Meeting - Newspaper advertisement**

In continuation to our letter dated Friday, January 15, 2021 with regard to the Board Meeting Notice, please find enclosed herewith copies of the advertisement published in newspapers on 16.01.2021 (Saturday) as follows:

1. Money Makers (English) dated 16.01.2021 (Saturday) published in New Delhi.
2. Dainik Mahalakshmi Bhagyodaya (Hindi) dated 16.01.2021 (Saturday) published in New Delhi.

You are requested to take the above information on record.

Thanking You,
Yours Sincerely

**For TT Limited**

**Sanjay Kumar Sharma**
**Company Secretary**
**M No. : FCS7311**

# Govt Schools flag concerns over Teachers on Covid duty

MM BUREAU

New Delhi/January 15

With thousands of teachers still deployed on Covid-19 related duties across the city, officials at several government schools have raised concerns of staff shortage ahead of the school reopening next week, after a gap of 10 months.

The Delhi government, on Wednesday, had allowed schools to call in students of classes 10 and 12 from next week so that they can prepare for the upcoming board examinations.

According to the government teachers' association, at least 10,000 to 12,000 of their colleagues are on Covid-19 duties, including door-to-door surveys, vaccination drive, and identification of travellers from abroad at the airport, among others. They include primary teachers, trained graduate teachers (TGTs), and postgraduate teachers (PGTs). While TGTs can teach up to class 10, PGTs are eligible to teach classes 11 and 12.



Officials at several schools said it would be difficult for them to reopen when they are short of hands. The principal of a government school in west Delhi's Madipur, on condition anonymity, said all their science, mathematics and social science teachers (TGTs) are currently on Covid duty. "We have one guest teacher each for science and mathematics, and there are four sections of class 10. We will have to divide one section into four in order to maintain social distancing. How can one teacher look after 16 sections? Besides, there is none available to teach social science," the principal said.

The principal of another government school in Karawal Nagar, also on condition of anonymity, said, "Twenty-eight of our 33 permanent teachers are currently engaged in Covid-related work. This time, the reopening of schools will require more staff as we will have to divide classes into smaller sections to maintain social distancing. We are struggling to figure out a way to make do with so few teachers."

Ajay Veer Singh, general secretary of government school teachers' association, said they will write to the government to relieve teachers of classes 10 and 12 from Covid duty. "It will be a mere formality if schools reopen without sufficient staff. We can't call students back to schools after 10 months and not have enough teachers to guide them."

Officials at the Delhi government's education department said efforts are being made to help schools reopen amid the pandemic. "We are trying to provide all possible help to schools before they reopen. Guest teachers have also been provided in many districts to bridge the gap. The zonal and district education officials are also taking several measures to help schools," one such official said, on condition of anonymity.

Meanwhile, some deputy director education (DDE) offices have started asking schools for a list of teachers on Covid-19 who are required in schools. For instance, the DDE's office of zone west-A has asked schools under its jurisdiction to provide such a list by Friday evening.

Harpreet Kaur, principal of Sarvodaya Kanya Vidyalaya (SKV) in Tilak Nagar, said the school has provided the names of teachers they needed for reopening.

"We welcome that the DDE's office has sought details of the required staff from us." At least 20 teachers from her school are in Covid-19 related work.

# Nod for protest can't be given as prohibitory orders in place, police inform HC

MM BUREAU

New Delhi/January 15

The Delhi Police told the Delhi high court that AAP MLAs Raghav Chadha and Atishi Marlena cannot be granted permission to protest outside the residences of home minister Amit Shah and lieutenant-governor Anil Baijal as political gatherings are prohibited by the state disaster management authority, DDMA, till January 31.

The police also said their commissioner had taken out a standing order in 2018 with respect to the protests at important places in accordance to the orders passed by the Supreme Court. They added that prohibitory orders have been issued under Section 144 of the Criminal Procedure Code (CrPC) for the entire central Delhi where the two residences are located.



The submissions of the police came in response to a plea by two AAP leaders, challenging the denial of permission by the police to hold protests outside the homes of Shah and Baijal.

The matter was listed on Thursday before justice Prathiba M Singh but no hearing took place as the counsel for the police had sought an adjournment as the proceedings were to be held in person at the court. The counsel urged the court to list the matter for hearing via video conferencing.

In their affidavit, the police have also said protests in the national capital can only be held at two locations -- Jantar Mantar and Ramlila Maidan – which are designated for the purpose and nowhere else.

However, in view of the DDMA notification of September 2020, which was extended from time to time and now stands extended till January 31, no political gatherings of any number of persons is permitted in the national capital.

Both AAP MLAs wanted to stage a sit-in protest outside the residences of Shah and Baijal on December 13, 2020, to protest against the alleged misappropriation of funds by the North Delhi Municipal Corporation, but they were denied permission.

The police also said their commissioner had taken out a standing order in 2018 with respect to the protests at important places in accordance to the orders passed by the Supreme Court. They added that prohibitory orders have been issued under Section 144 of the Criminal Procedure Code (CrPC) for the entire central Delhi where the two residences are located.

They were detained by police the same day along with some other AAP leaders, for attempting to protest at the two sites.

## Delhi BJP President Adesh Gupta thanked PM Modi and scientists for the Corona vaccine

New Delhi/January 15

Addressing a press conference held at the state office, Delhi BJP President Adesh Gupta thanked the Hon'ble Prime Minister Narendra Modi for the Corona vaccination campaign starting on 16 January. He informed that Delhi has been given 2 lakh 74 thousand doses of Covishield vaccine free by the Modi government in the first phase. In Delhi, the Corona vaccine will first be given to the frontline Corona Warrior i.e. doctors, nurses, paramedical staff, health workers, government teachers. State Media Head Naveen Kumar and State Spokesperson Richa Pandey Mishra were present on the occasion.State President Adesh




Gupta thanked all those involved in the vaccine campaign, whether the vaccine transporters, doctors, health workers, green corridor police, defense personnel, and scientists. He also thanked the Delhiites for their cooperation and patience in the battle against Corona. He said that, due to the commitment and diligence of the scientists of the country in making the vaccine, India has become the only country where two corona vaccines have been made. He further said that, Delhiites suffered a lot due to both lack of beds in hospitals and timely treatment during Corona pandemic due to which the Hon'ble Home Minister Amit Shah ji, under the leadership of Modi government, intervened twice and took care of Delhi's poor health system. Today, the people of Delhi are also thanking PM Modi, whose tireless efforts and foresight, the Corona vaccine campaign is starting.

-bjpdelhinew@gmail.com

## Spas allowed to reopen after almost a year by HC, with strict guidelines

MM BUREAU/New Delhi/January 15

The Delhi high court on Thursday allowed spas in the national capital to resume their operations, subject to a slew of guidelines to maintain social distancing. The court also said that the services offered by spas were similar to the salons that have already been permitted to function. Justice Pratibha M Singh also said that the livelihood of those working at the spas is getting affected for almost a year because of the closure and said that they can be allowed to operate with appropriate safeguards. According to additional standing counsel Anjum Javed of Delhi government, the court on Thursday ordered that spa employees maintain all the norms of social distancing and should thermally scan themselves every day. He said that the employees should be tested through RT-PCR every 15 days to rule out spread of Covid-19, in compliance of the court's direction. A detailed order in this regard is yet to be uploaded on the website of the Delhi High Court. The court was hearing two pleas moved by several persons who run spas, which have been shut since the first lockdown was enforced in Delhi. They had contended that when a maximum number of businesses, like salons, gyms, restaurants and bars, have been granted permission to reopen and even Delhi Metro restarted, then why were spas being forced to stay shut. The petitioners have also claimed that the spas in other states were running with full safety measures.The government had earlier opposed the plea stating that the government has decided not to allow the services of the spas because of the increasing number of the Covid-19 infections in the city.



# Delhi BJP President Adesh Gupta distributes ration kits under Mid-day meal scheme

New Delhi/January 15

Delhi BJP President Adesh Gupta distributed ration kits under the Mid-Day Meal Scheme at a function organized by East Delhi Municipal Corporation at Pratibha Vidyalaya of Mayur Vihar Phase I.

On this occasion, East Delhi Municipal Corporation Mayor Nirmal Jain, Media Head Naveen Kumar, Deputy Mayor Hari Prakash Bahadur, Leader of House Pravesh Sharma, Education Committee Chairman Ramesh Gupta, Education Committee Director Seema Sharma, Councillor Vipin Bihari, Bhavana Malik, Kusum Tomar, Shashi Chandna were present.

State President Adesh Gupta said that, the Municipal Corporations are working to fulfill the resolve of PM Narendra Modi, taking inspiration from public welfare policies. At the time when the country was combating with Corona



pandemic, under the Pradhan Mantri Garib Kalyan Anna Yojana, ration was provided to the poor and laborers for free, while more than 80 lakh people of Delhi benefitted from this scheme.

Even when the schools were closed due to lockdown, the money of the mid-day meal was being sent to the children's account. In such a situation, EDMC ensured that the students get money and ration as well, so they have started the work of giving ration kits for the last 4 months to 1 lakh 67 thousand students.

Adesh Gupta praised the corporation's schools, saying that, Deputy CM Manish Sisodia, who never gets tired of praising the education model of Kejriwal government, should come to these schools and see that the education system and maintenance here is better than the schools under Kejriwal government. He further said that, it is a matter of pride for us that the schools under the BJP-ruled Corporation are the medium to providing better education to the children of poor and weaker sections. No fee is charged from the children in the corporation's schools and along with education they are also given mid-day meal and dress. At present, the corporation's schools are also providing online education to children. He said that, providing better education to children is the priority of the Modi government.

On this occasion, Assembly candidate Ravi Negi, Shahdara District President Ramkishore Sharma, Mayur Vihar District President Vinod Bacheti, Mandal President Ashish Gupta, District General Secretary Karan Kumar along with district and mandal office bearers were present.

-bjpdelhinew@gmail.com

## Delhi airport gets genome sequencing lab to check for new virus strain

MM BUREAU/New Delhi/January 15

The Indira Gandhi International Airport (IGIA) on Thursday got its first genome sequencing laboratory, which will be used to test samples of all travellers who arrive in the country and test positive Covid-19 upon landing.

The samples will be sequenced to identify and check for a mutant variant of the Sars-CoV-2 virus that was first detected in the United Kingdom in early December and is thought to be more contagious.So far, since flights between India and the UK resumed on January 8, at least seven returnees from the counrty have tested positive at the



Delhi airport after they underwent a mandatory RT-PCR test on their arrival. India had, on December 23, suspended all flights to and from the UK up to December 31 in order to stop the arrival of the new. This ban was later extended till January 7. The portable testing laboratory has been set up near the multi-level car park at T3 by SpiceHealth, a health care firm that has tied up with Council of Scientific and Industrial Research (CSIR)-Institute of Genomics and Integrative Biology (CSIR-IGIB), which is a constituent member of the Indian SARS-CoV-2 Genomics Consortium (INSACOG) recently announced by the Union health ministry. The laboratory was inaugurated by Dr VK Paul, member, NITI Aayog and chairman, National Expert Group on Vaccine Administration for Covid-19 (NEGVAC).Dr Shekhar C Mande, director general of the CSIR, who was also present, said the launch of the genome-sequencing lab.

# 'Vehicles, unclean household fuels major CO sources'

MM BUREAU

New Delhi/January 15

New Delhi: Vehicular emissions and the use of unclean household fuels are the major sources of carbon monoxide (CO) in Delhi, a study conducted by the Union ministry of earth sciences and the Indian Institute of Tropical Meteorology (IITM) has found.

The study, which focuses on the sources of CO in Delhi and Mumbai, recorded the levels of the pollutant during the Covid-19 lockdown — when vehicular movement, industrial operations and other financial activities were restricted severely — and compared it with emissions on regular days, when all of these sources were operational and contributing to emissions.

The findings show that the total CO emissions in Delhi during the Covid-19 lockdown showed an 86.39% drop compared to regular days, as opposed to a 62.14% fall in Mumbai. It also showed that the biggest reason behind this reduction, especially in Delhi, was restrictions in traffic movement.

In the Capital, CO emissions from vehicular movement fell from 31.01 gigagram/month (Gg/month) on regular days to just 3.1Gg/month during the lockdown. The use of unclean household fuel was the second biggest CO in Delhi contributor, adding 1.85 Gg/month when no curbs were in place. Notably, however, this number showed no deviation even during the lockdown.

"The major sources of CO in Delhi were transport and household during normal time. Transport was completely shut during the lockdown except for vehicles from law enforcement agencies, emergency services and that of essential supply chains. Not more than 10% of total vehicles were on the road, as also cross-



checked with the total sale of petroleum products," the study reads.

CO, a colourless and odourless gas, is highly toxic and produced by the incomplete combustion of fossil fuels, oil, coal, woods, and natural gas. Scientists said CO was more harmful than particulate matter, as it has the potential to persist in the atmosphere for a longer period and does not get washed away by rain as PM2.5 (particulate matter with diameter less than 2.5 micrometres) and PM10 (PM with diameter less than 10 micrometres) do.

"Exposure to CO is particularly harmful for the elderly, children and people who suffer from medical conditions such as heart and lung problems. We have examined the scientific processes responsible for the variability in CO during the Covid-19 lockdown in two of the largest megalopolises of India and the role of transport in influencing its concentration during the lockdown, and to understand the role of biofuel emissions," said Gufran Beig of System of Air Quality Forecasting and Research (Safar) at IITM, who headed the study. Beig added, "The CO data was collected from continuous Air Quality Monitoring Stations (AQMS) under the Safar network." Another important observation made by the study was the contribution of CO levels in Delhi's air from neighbouring states. The findings of the study showed that because of the Delhi's landlocked geography and the long lifespan of pollutant, the sources from long-range transport also added to CO levels in the city. "CO has a long life and hence a significant contribution can come by the long-range transport from surrounding regions. The long-range transport of CO in Delhi, whereas wind reversal combined with emissions from slum clusters in Mumbai played a major role during the lockdown period.


**T T LIMITED**

(CIN NO.-L18101DL1978PLC009241)

879, MASTER PRITHVI NATH MARG

OPP: AJMAL KHAN PARK, KAROL BAGH, NEW DELHI – 110 005, INDIA

TEL: 0091 11 45060708 EMAIL: newdelhi@ttlimited.co.in WEBSITE: http://www.ttlimited.co.in

**NOTICE**

Notice is hereby given in compliance with the Regulations 29 and 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015, that a Meeting of the Board of Directors of the Company will be held on **Wednesday, February 10, 2021 at 3:00 P.M.** to, consider and approve inter-alia, Unaudited Financial Results of the Company for the Third Quarter of the Financial Year 2020-21 ended 31st December, 2020.

This information is also available on the website of NSE Limited **(www.nseindia.com)** and BSE Limited **(www.bseindia.com)** where the Company's shares are listed.

For T T Limited

Sd/-

Sanjay Kumar Sharma

Company Secretary

FCS7311

Place: New Delhi

Date: 15.01.2021

## दिल्ली भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने मीड-डे मील योजना के तहत किया राशन किट का वितरण

महालक्ष्मी ब्यूरो
नई दिल्ली, 15 जनवरी



दिल्ली भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने मयूर विहार फेज 1 के प्रतिभा विद्यालय में पूर्वी दिल्ली नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मीड-डे मील योजना के तहत राशन किट का वितरण किया। इस अवसर पर पूर्वी दिल्ली नगर निगम महापौर निर्मल जैन, मीडिया प्रमुख नवीन कुमार, उप महापौर हरि प्रकाश बहादुर, नेता सदन प्रवेश शर्मा, शिक्षा समिति चेयरमैन रमेश गुप्ता, शिक्षा समिति निदेशक सीमा शर्मा, पार्षद विपिन बिहारी, भावना मलिक, कुसुम तोमर, शशि चांदना उपस्थित थीं।

प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि नगर निगम जनकल्याणकारी नीतियों से प्रेरणा लेते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूरा करने का काम कर रहे हैं। जिस समय देश कोरोना महामारी से जूझ रहा था तब प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत गरीबों, श्रमिकों को मुफ्त में राशन मुहैया कराने का कार्य किया गया, वहीं दिल्ली के अंदर 80 लाख से ज्यादा लोग इस योजना से लाभान्वित हुए। लॉकडाउन होने के कारण स्कूल बंद थे और मिड-डे मील का पैसा बच्चों के खाते में भेजे जा रहे थे। ऐसे में पूर्वी दिल्ली नगर निमम ने यह सुनिश्चित किया कि बच्चों को पैसे भी मिलें और राशन भी, इसलिए उन्होंने पिछले 4 महीने का राशन किट बनाकर 1 लाख 67 हजार बच्चों को देने का कार्य प्रारंभ किया है। आदेश गुप्ता ने निगम के स्कूलों की सराहना करते हुए कहा कि केजरीवाल सरकार के शिक्षा मॉडल के कसीदे पढ़ने वाले उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को इन स्कूलों में आकर देखना चाहिए कि यहां की शिक्षा व्यवस्था और रख-रखाव, सभी केजरीवाल सरकार के स्कूलों से बेहतर है। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गौरव की बात है कि भाजपा शासित निगम के स्कूल गरीब और कमजोर वर्ग के बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने का माध्यम है। निगम के स्कूलों में बच्चों से कोई फीस नहीं ली जाती है बल्कि शिक्षा के साथ उन्हें मीड-डे मील और ड्रेस भी दी जाती है। इस समय निगम के स्कूल बच्चों को ऑनलाइन शिक्षा देने का भी कार्य कर रहे हैं।

-bjpdelhinew@gmail.com

# दिल्ली में 13 साल के बच्चे का जबरन कराया लिंग परिवर्तन

महालक्ष्मी ब्यूरो
नई दिल्ली, 15 जनवरी

दिल्ली के गीता कॉलोनी इलाके से एक बेहद ही दर्दनाक और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां एक 13 वर्षीय बच्चे का जबरन लिंग परिवर्तन करवाया गया और लंबे समय तक उसके साथ गैंगरेप किया गया। दिल्ली महिला आयोग के हस्तक्षेप के बाद इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई है।

दरअसल, बच्चे की मुलाकात आरोपी से लगभग तीन साल पहले लक्ष्मी नगर में एक डांस कार्यक्रम में हुई थी। वहां अभियुक्त ने शुभम (नाम बदला गया) से दोस्ती की और फिर उसे साथ डांस सिखाने के बहाने अपने साथ मंडावली ले गया। शुभम ने कुछ समय डांस कार्यक्रम में हिस्सा लिया और आरोपियों ने शुरू में उसे कुछ



पैसे दिए। कुछ समय बाद शुभम को कहा गया कि अब उसे यहीं रहना होगा और यहीं काम करना होगा। शुभम को वहां नशीले पदार्थ दिए जाने लगे और कुछ ही दिनों में उसका जबरन लिंग परिवर्तन का ऑपरेशन करवा दिया गया।

उस समय शुभम की उम्र बस 13 साल थी।

शुभम ने बताया कि उसे ऑपरेशन के बाद हार्मोन भी दिए जाने लगे जिससे वो पूरी तरह से लड़की जैसा दिखने लगे। शुभम के साथ आरोपी और उसके दोस्त गैंगरेप करने लगे। बात यहीं खत्म नहीं हुई। आरोपी और उसके दोस्तों ने बाहर से ग्राहक बुलाने शुरू कर दिए, जोकि उसके साथ रेप करते थे। शुभम से भीख भी मंगवाई जाती थी। साथ ही उसे ट्रैफिक सिग्नल पर किन्नर बनाकर घुमाया जाता। शुभम ने बताया कि आरोपी स्वयं भी महिलाओं के कपड़े पहनकर जिस्मफरोशी करते थे और आने वाले ग्राहकों को मार-पीटकर उनके पैसे छीन लेते थे।

शुभम को डराया-धमकाया जाता रहा कि यदि वह इस बारे में किसी को बताएगा तो उसे और उसके परिवार वालों को जान से मार दिया जाएगा। कुछ महीनों बाद वहां शुभम के एक परिचित को भी लाकर रखा गया। शुभम उस व्यक्ति को पहले से जानता था क्योंकि जहां शुभम डांस के कार्यक्रम करता था, वहां वह कैटरिंग का काम करता था।

जब आरोपियों द्वारा शुभम को बाजार भेजा जाता तो वो बीच-बीच में अपनी मां से मिलने चला जाता था, लेकिन डर के चलते उसने पुलिस से इसकी शिकायत नहीं की।

पुलिस के मुताबिक, मार्च 2020 में लॉकडॉउन लगने के बाद एक दिन किसी तरह शुभम और उसका दोस्त वहां से भाग निकले और शुभम की मां के पास पहुंचे। शुभम की मां ने दोनों को एक किराये के घर में रहने की जगह दिलवाई, जहां दोनों पीड़ित और शुभम के माता-पिता और भाई रहने लगे, लेकिन दिसंबर में किसी तरह आरोपियों को दोनों का पता मिल गया और वो उनके घर पहुंच गए। वहां पहुंचकर उनके साथ खूब मारपीट की और उनके पैसे इत्यादि भी छीनकर उन्हें साथ ले गए।

# लॉकडाउन की वजह से पिछले साल महानगरों में प्रदूषण घटा, लेकिन छोटे शहरों में बढ़ा

महालक्ष्मी ब्यूरो
नई दिल्ली, 15 जनवरी

कोरोना महामारी के कारण देशव्यापी लॉकडाउन के बावजूद पिछले साल उत्तर भारत के कुछ शहरों में वायु प्रदूषण बढ़ गया है। एक नए विश्लेषण में पाया गया है कि पिछले साल भारत-गंगा के मैदानी क्षेत्र और दिल्ली-एनसीआर के बाहर के छोटे शहरों में वायु प्रदूषण में इजाफा हुआ है।

भले ही पिछले साल गर्मियों और मॉनसून के महीनों में औसत पीएम 2.5 का स्तर 2019 की तुलना में काफी कम हो, लेकिन पंजाब और हरियाणा में सर्दियों के प्रदूषण स्तर में वृद्धि हुई, जिससे उनके पीएम 2.5 के स्तर में वार्षिक औसत वृद्धि हुई है।

दिल्ली सहित बड़े शहरों और कस्बों में महामारी के दौरान वार्षिक पीएम 2.5 के संकेंद्रण में उल्लेखनीय



कमी दर्ज की गई। उदाहरण के लिए दिल्ली में 2019 की तुलना में 2020 में लगभग 13% सुधार दर्ज किया गया है। सेंटर फॉर साइंस एंड एन्वायरनमेंट द्वारा किए गए विश्लेषण से पता चलता है कि देशव्यापी लॉकडाउन (25 मार्च से 31 मई तक) के बाद अर्थव्यवस्था को फिर से खोलने और दिसंबर तक चरणबद्ध रूप से फिर से खोलने के कारण भारत-गंगा के मैदानी इलाकों के कुछ हिस्सों में सर्दियों के मौसम में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ गया है और प्रतिकूल है।

कई बड़े शहरों में वार्षिक पीएम 2.5 के स्तर में कमी देखी गई है, जबकि छोटे शहरों और कस्बों में वृद्धि दर्ज की गई है। 2019 की तुलना में उत्तरी हरियाणा के फतेहाबाद का 35% वृद्धि के साथ सबसे खराब प्रदर्शन रहा। इसके बाद बठिंडा 14%, आगरा 9%, खन्ना 7%, मंडी गोबिंदगढ़ 6%, मुरादाबाद में 5.5% और कुरुक्षेत्र में 1% की वृद्धि दर्ज की गई। सिरसा में पीएम 2.5 के स्तर में 44% की कमी दर्ज की गई, वाराणसी 31%; गया 27%, मुजफ्फरपुर 13%, दिल्ली में 13% और हिसार में 12% की कमी दर्ज की गई।

उरए ने इस विश्लेषण के लिए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के केंद्रीय नियंत्रण कक्ष से वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए क्षेत्र के 26 शहरों के रियल टाइम डेटा (15 मिनट औसत) का उपयोग किया है। विश्लेषण में कहा गया है कि फतेहाबाद में पिछले साल पीएम 2.5 के संकेंद्रण में सबसे ज्यादा वृद्धि दर्ज की गई और सिरसा में सबसे ज्यादा सुधार दर्ज किया गया जो केवल 40 किलोमीटर दूर है। सीएसई की शहरी लैब टीम में सस्टेनेबल सिटीज प्रोग्राम के प्रोग्राम मैनेजर अविरल सोमवंशी ने कहा, दइसलिए, इस बड़े बदलाव को मौसम में परिवर्तन के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है और स्थानीय कारकों से ऐसा हुआ है। उत्तर-पश्चिम में हिसार और जींद जैसे अन्य छोटे शहरों के साथ इन शहरों का वार्षिक औसत फसलों की पराली जलने से होने वाले प्रदूषण से काफी प्रभावित होता है। यह प्रभाव इतना कारगर है कि नवंबर से दिल्ली के मासिक डट2.5 के स्तर को बढ़ा सकता है, लेकिन दिल्ली के विपरीत, ये शहर सीधे धुएं के संपर्क में हैं।

## 5 लाख रुपये की रिश्वत देने के आरोप में दो डॉक्टर गिरफ्तार

नई दिल्ली, 15 जनवरी (ह.स.)

फरीदाबाद में विजिलेंस ब्यूरो की टीम ने गुरुवार को प्राइवेट अस्पताल में बुजुर्ग महिला की मौत के मामले को रफा-दफा करने के लिए शिकायतकर्ता को पांच लाख रुपये की रिश्वत देने के मामले में दो डॉक्टर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में बीके अस्पताल में तैनात डॉक्टर नवदीप सिंघल और प्राची अस्पताल के डॉक्टर सुरेश कुमार शामिल हैं। विजिलेंस ब्यूरो की टीम दोनों डॉक्टर से पूछताछ में जुटी हुई है। विजिलेंस से मिली जानकारी के मुताबिक, एसजीएम नगर निवासी नवीन की मां कुछ माह पहले बीमार हुई थीं। उन्होंने अपनी मां को चिमनीबाई धर्मशाला के पास प्राची अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां इलाज के दौरान



महिला की मौत हो गई थी। महिला के परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही से मौत होने का आरोप लगाते हुए सिविल सर्जन कार्यालय में शिकायत दी थी। इस मामले की जांच डॉक्टर नवदीप सिंघल कर रहे थे। आरोप है कि जांच अधिकारी डॉक्टर नवदीप सिंघल और प्राची अस्पताल के डॉक्टर सुरेश कुमार शिकायतकर्ता पर इस मामले में समझौता कर पांच लाख रुपये लेने का दबाव बना रहे थे। गुरुवार को दोनों ने पीड़ित को रुपये लेने के लिए बीके अस्पताल बुला लिया था। इससे पहले पीड़ित ने इस मामले की शिकायत विजिलेंस ब्यूरो में कर दी थी। विजिलेंस ब्यूरो की टीम तय योजना के तहत बीके अस्पताल पहुंच गई। यहां जैसे ही पीड़ित को समझौते के लिए रुपये दिए गए तो विजिलेंस ब्यूरो की टीम ने दोनों डॉक्टरों को गिरफ्तार कर लिया। विजिलेंस ने इस बारे में मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## सबसे कम उम्र की ऑर्गन डोनर बनी 20 माह की धनिष्ठा

नई दिल्ली, 15 जनवरी (ह.स.)

दिल्ली के रोहिणी इलाके की रहने वाली 20 महीने की धनिष्ठा ने गंगाराम अस्पताल में दम तोड़ दिया, लेकिन जाते जाते वह अपने अंगदान कर पांच लोगों को नई जिंदगी दे गई। धनिष्ठा ने मौत के बाद भी समाज के लिए एक मिसाल कायम की है और सबसे कम उम्र की कैडेवर डोनर बन गई। धनिष्ठा ने मरणोपरांत 5 मरीजों को अपने अंग देकर उन्हें नया जीवन दिया है। उसका हृदय, लिवर, दोनों किडनी एवं दोनों कॉर्निया सर गंगा राम अस्पताल ने निकाल कर 5 रोगियों में प्रत्यारोपित किए हैं। 8 जनवरी की शाम को धनिष्ठा अपने घर की पहली मंजिल पर खेलते हुए नीचे गिरकर बेहोश हो गई थी, उसे तुरंत सर गंगा राम अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों के अथक प्रयास के बावजूद भी



बच्ची को बचाया नहीं जा सका। 11 जनवरी को डॉक्टरों ने बच्ची को ब्रेन डेड घोषित कर दिया था, मस्तिष्क के अलावा उसके सारे अंग अच्छे से काम कर रहे थे। शोकाकुल होने के बावजूद भी बच्ची के परिजनों ने उसके अंगदान करने का फैसला किया। धनिष्ठा के पिता आशीष कुमार ने बताया कि वह बहुत छोटी थी और घर पर खेलते हुए गिर गई थी। बच्ची की मां बबीता ने बताया कि हमारी बच्ची तो रही नहीं, लेकिन उसके अंगों से 5 बच्चों का जीवन बचाया जा सकता था, इसलिए हमने उसके अंगदान करने का फैसला किया। आशीष ने बताया कि हमने अस्पताल में रहते हुए कई ऐसे मरीज देखे जिन्हें अंगों की सख्त आवश्यकता है। हालांकि, हम अपनी धनिष्ठा को खो चुके हैं, लेकिन हमने सोचा की अंगदान से उसके अंग न सिर्फ मरीजों में जिंदा रहेंगे बल्कि उनकी जान बचाने में भी मददगार सिद्ध होंगे। अस्पताल के चेयरमैन डॉक्टर डी.एस. राणा का कहना है कि परिवार का यह नेक कार्य वास्तव में प्रशंसनीय है और दूसरों को भी इससे प्रेरित होना चाहिए। देश में हर 10 लाख लोगों में 0.26 लोग ही अंगदान करते हैं। भारत में अंगदान की सबसे कम दर है।

## दिल्ली सरकार ने निगमों को दिए 938 करोड़ रुपये

महालक्ष्मी ब्यूरो
नई दिल्ली, 15 जनवरी

दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने गुरुवार को दिल्ली के तीनों नगर निगमों को कर्मचारियों की सैलरी देने के लिए 938 करोड़ रुपये देने का ऐलान किया है। उन्होंने निगम कर्मचारियों से अपील की कि इन पैसों पर नजर रखना, कहीं दिल्ली सरकार की तरफ से भेजे गए इन पैसों को भी भाजपा वाले ना खा जाएं। उन्होंने कहा कि निगम कर्मचारियों की पीड़ा देखकर मुख्यमंत्री के आदेश पर दिल्ली सरकार ने अन्य योजनाओं से निकालकर इन 938 करोड़ रुपयों का इंतजाम किया है।

सिसोदिया ने कहा कि 14 साल पहले निगम की सत्ता में आई भाजपा ने तीनों नगर निगमों को पूरी तरह दिवालिया बना दिया है। भाजपा ने निगमों को इतनी बुरी तरह चूस लिया कि गुठली भी नहीं छोड़ी है। सिसोदिया ने कहा कि उत्तरी दिल्ली नगर निगम के बैंक खाते में मात्र 12 करोड़ रुपये बचे हैं, जबकि पूर्वी नगर निगम के पास मात्र 99 लाख रुपये हैं।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि निगमों पर दिल्ली सरकार का 6276 करोड़ रुपया बकाया है। निगम को भाजपा ने



दिवालिया करके इतनी बड़ी राशि का कर्जदार बना दिया। अब नगर निगम के पास अपने कर्मचारियों को तनख्वाह देने तक के पैसे नहीं हैं। निगम साफ-सफाई, बिल्डिंग नक्शे संबंधी काम के लायक भी नहीं रह गई है। सफाई कर्मियों, शिक्षकों, मेडिकल स्टाफ इत्यादि को तनख्वाह नहीं मिल रही है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली नगर निगम को केंद्र से 11,500 करोड़ रुपये मिलने चाहिए, लेकिन केंद्र का मानना है कि ये रकम इसे नहीं दे सकते क्योंकि बीजेपी वाले इन पैसों को खा जाएंगे। भले ही ऐसी मदद करना कानून में लिखा हो, लेकिन भ्रष्टाचार के कारण केंद्र सरकार दिल्ली नगर निगम को पैसे नहीं दे रही। सिसोदिया ने कहा कि मुख्यमंत्री ने आदेश दिया है कि कहीं से भी इंतजाम करके निगम कर्मचारियों की मदद करें। हालांकि, दिल्ली सरकार के पास भी फंड की कमी है। हमारा जो राजस्व आता था वह मात्र 50 फीसदी आ रहा है। टैक्स के आधे पैसे आ रहे हैं। इसके कारण हमें काफी योजनाओं को रोकना पड़ा है। नियमतः दिल्ली सरकार की कोई देनदारी नहीं होने के बावजूद कर्मचारियों की सैलरी के लिए 938 करोड़ दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना और लॉकडाउन के कारण मार्केट का भी बुरा हाल है। दिल्ली सरकार अपना काम मुश्किल से चला रही है। इसके बावजूद नगर निगम के कर्मचारियों को सैलरी देने के लिए हमने अन्य योजनाओं को रोककर तथा अन्य विभागों की राशि काटकर किसी तरह 938 करोड़ रुपयों का इंतजाम किया है।

सिसोदिया ने कहा कि यह राशि सैलरी के लिए दी जा रही है। अब मैं बीजेपी वालों से कहना चाहूंगा कि इन पैसों को भी चोरी मत कर लेना, इनसे कर्मचारियों की तनख्वाह देना। उन्होंने कहा कि अब निगम का यह संकट सिर्फ एक साल की बात है। अगले साल नगर निगम में भी आम आदमी पार्टी की सरकार आएगी और जिस तरह दिल्ली सरकार का बजट 30,000 करोड़ से बढ़कर 60,000 करोड़ कर दिया, उसी तरह निगम का भी बजट बढ़ेगा और संसाधन बढ़ेंगे।

## आदेश गुप्ता ने वैक्सीन के लिए प्रधानमंत्री मोदी और वैज्ञानिकों का आभार जताया

महालक्ष्मी ब्यूरो
नई दिल्ली, 15 जनवरी

प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए दिल्ली भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने 16 जनवरी से शुरू होने वाले कोरोना टीकाकरण अभियान के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने बताया कि दिल्ली को पहले चरण में मोदी सरकार द्वारा मुफ्त कोविशील्ड वैक्सीन का 2 लाख 74 हजार खुराक दिया गया है। दिल्ली में कोरोना वैक्सीन सबसे पहले फ्रंटलाइन कोरोना वारियर डॉक्टर, नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ, स्वास्थ्य कर्मियों, सरकारी शिक्षकों को दी जाएगी। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रमुख नवीन कुमार और प्रदेश प्रवक्ता ऋचा पांडेय मिश्रा उपस्थित रहीं।

प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने वैक्सीन के अभियान में लगे सभी लोग, चाहे वो वैक्सीन पहुंचाने वाले ट्रांसपोर्टर, वैक्सीन लगाने वाले डॉक्टर, स्वास्थकर्मी, ग्रीन कॉरिडर बनाने वाले पुलिस, डिफेन्स के जवान, कोरोना वॉरियर और वैक्सीन



बनाने वाले वैज्ञानिकों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कोरोना के खिलाफ जंग में सहयोग और धैर्य के लिए दिल्लीवासियों का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वैक्सीन बनाने वाले देश के वैज्ञानिकों की प्रतिबद्धता और परिश्रम के कारण भारत एकमात्र ऐसा देश बन गया है जहां कोरोना के दो वैक्सीन तैयार किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान अस्पतालों में बेड की कमी, समय पर ईलाज न मिलने के कारण दिल्लीवासियों ने बहुत कष्ट झेला। जिसके कारण मोदी सरकार के नेतृत्व में माननीय गृह मंत्री अमित शाह जी ने दो बार हस्तक्षेप किया और दिल्ली की लचर स्वास्थ्य व्यवस्था को संभाला। आज दिल्ली के लोग भी माननीय मोदी जी का धन्यवाद कर रहे हैं जिनके अथक प्रयासों और दूरदर्शिता के कारण कोरोना वैक्सीन अभियान शुरू हो रहा है। यह मोदी जी की देशवासियों के प्रति संवेदनशीलता और स्नेह है जिसका परिणाम है कि देशवासी कोरोना वैक्सीन लेकर देश को कोरोना-मुक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे।

आदेश गुप्ता ने दिल्लीवासियों से अपील की है कि वह कोरोना नियमों का पालन जरूर करें। अभी भी मास्क लगाना, दो गज दूरी बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

-bjpdelhinew@gmail.com

### कोरोना काल में भी निर्बाध चला 'पीपल बाबा' का पेड़ लगाओ अभियान

# देश में 1.11 लाख पौधे लगाकर किया हैरान

महालक्ष्मी ब्यूरो
नई दिल्ली, 15 जनवरी

कोरोना की वजह से बीते साल जहां पूरी दुनिया में हाहाकार मचा रहा, काम-धंधे बंद हो गए अनेक लोगों ने अपने परिजनों को खो दिया। इसके बावजूद 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2020 तक 'पीपल बाबा' की टीम ने पूरे देश में 1 लाख 11 हजार पौधे लगाकर सभी को हैरान कर दिया है।

2020 को लोग कयामत लाने वाला और उदासीनता से भरा बता रहे हैं। अमेरिका के पहले शोध विश्वविद्यालय द्वजॉन हॉपकिंस विश्वविद्यालयद्ध के द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, कोरोना आने के बाद और 17 दिसंबर 2020 तक के बीच दुनिया भर में 7 करोड़ 45 लाख लोग कोविड-19 से संक्रमित हुए और इसकी वजह से 16 लाख लोगों की जान गई। यही वो दौर था जब पूरी दुनिया विडियो कॉल और जूम कॉल से घर में बैठकर किसी तरह से अपनी दिनचर्या चला रही थी, लेकिन इस सबके बीच 'पीपल बाबा' की टीम सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखते हुए लगातार पेड़ लगा रही थी।

लॉकडाउन में पौधों का बिजनेस हो ठप हो गया था, इंडियन नर्सरीमैन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट वाई.पी. सिंह के मुताबिक, लॉकडाउन की वजह से देश में 100 करोड़ रुपये से अधिक की पेड़ों की नर्सरी बर्बाद हो गई। दिल्ली में यह नुकसान 8 करोड़ से ऊपर का रहा, लेकिन इस दौर में भी 'पीपल बाबा' की नर्सरी का एक भी पौधा बर्बाद नहीं हुआ और बिना रुके 'पीपल बाबा' की टीम का पेड़ लगाओ



अभियान जारी रहा।

'पीपल बाबा' की टीम ने भारत में कोरोना विस्फोट के बाद नर्सरियों के बर्बाद होने के बीच लोगों को पौधारोपण से जोड़ने के लिए पौधारोपण करके फिक्स डिपॉजिट करने का फॉर्मूला दिया।

कोरोना की वजह से देश के उद्योग-धंधे बंद हो गए थे प्रवासी मजदूर शहरों से गांव की तरफ जाने लगे थे। गांव वापस आकर बहुतों ने खुद को कृषि कार्य से जोड़ लिया था। इससे कृषि पर प्रति व्यक्ति निर्भरता काफी बढ़ रही थी। इस दौरान 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर 'पीपल बाबा' ने पूरे देश के लोगों से एक सृजनात्मक अनुरोध करते हुए कहा था कि द्धकोरोना काल में पौधारोपण करके फिक्स डिपॉजिट करना चाहिएद्ध इसके कारणों को समझाते हुए 'पीपल बाबा' ने कहा था कि कृषि कार्य में ज्यादा लोगों के जुड़ जाने से प्रति व्यक्ति आय में कमी आएगी और अत्यधिक उत्पादन से भी कृषि उत्पादों के मूल्य कम होंगे, ऐसे में अगर किसान भाई अपने खेतों के किनारे या बंजर जमीनों में पौधारोपण का कार्य करते हैं तो आने वाले समय में इन पेड़ों के तैयार होने पर करोना काल के समय होने वाले नुकसान की भरपाई सूद समेत की जा सकती है। 'पीपल बाबा' के द्वारा दी गई पौधारोपण से जुड़ी इस अवधारणा को द्धराष्ट्र के नाम कोरोना काल का फिक्स डिपोजिटद्ध कहा गया। इस समय 'पीपल बाबा' द्वारा दी गई इस अवधारणा की खूब सराहना हुई और एनसीआर के आसपास ढेर सारे लोगों ने 'पीपल बाबा' के पेड़ लगाओ अभियान से जुड़कर कोरोना काल में सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान रखते हुए ढेर सारे पौधे लगाए।

**T T LIMITED**
(CIN NO.-L18101DL1978PLC009241)
879, MASTER PRITHVI NATH MARG
OPP: AJMAL KHAN PARK, KAROL BAGH, NEW DELHI – 110 005, INDIA
TEL: 0091 11 45060708 EMAIL: newdelhi@ttlimited.co.in WEBSITE: http://www.ttlimited.co.in

**NOTICE**

Notice is hereby given in compliance with the Regulations 29 and 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015, that a Meeting of the Board of Directors of the Company will be held on **Wednesday, February 10, 2021 at 3:00 P.M.** to, consider and approve inter-alia, Unaudited Financial Results of the Company for the Third Quarter of the Financial Year 2020-21 ended 31st December, 2020.

This information is also available on the website of NSE Limited **(www.nseindia.com)** and BSE Limited **(www.bseindia.com)** where the Company's shares are listed.

For T T Limited
Sd/-
Sanjay Kumar Sharma
Company Secretary
FCS7311

Place: New Delhi
Date: 15.01.2021